Most- Urgent

कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर

www.jaipur.rajasthan.gov.in

क्रमाक.– लेखा / 2024 / 1142 दिनांकः– 13/2/2024

समस्त
कर्मचारी / अधिकारी
कलेक्ट्रेट, जयपुर।

विषयः– IFMS 3.0 एवं SSO Id पर डाटा अपडेट करने के संबंध में।

प्रसंगः– वित्त (कोष एवं लेखा) विभाग का परिपत्र क्रमांक 9565–764 दिनांक 27–01–2024 एवं इस कार्यालय का पत्रांक 1105 दिनांक 07–02–2024

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक परिपत्र के क्रम में लेख है कि राज्य सरकार द्वारा माह फरवरी 2024 का वेतन देय मार्च 2024 नवीन पोर्टल आई.एफ.एम.एस. 3.0 से आहरित किया जायेगा। उक्त प्रणाली का लागू करने हेतु कार्मिकों को डेटा अपडेट किया जाना हैं। जिन कर्मचारियों / अधिकारियों का वेतन लेखा शाखा, कलेक्ट्रेट, जयपुर द्वारा आहरित किया जाता है उन कार्मिकों को निर्देशित किया जाता है कि अपनी स्वयं की SSO Id से लॉगिन करके IFMS 3.0 में Employee Self Service (ESS) में जाकर Profile में आवश्यक / वांछित प्रविष्टियों को अपडेट किया जाना हैं। प्रत्येक कार्मिक स्वयं से संबंधित डाटा को दिनांक 20–02–2024 तक आवश्यक रूप से अपडेट करें। तथा कार्मिक आवश्यक / वांछित प्रविष्टियों को अपडेट करने के पश्चात Employee Personal Master Data की एक प्रति लेखा शाखा में जमा करवाया जाना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के बाद भी यदि कार्मिक से संबंधित कोई डाटा / जानकारी गलत रहती है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी कार्मिक की स्वयं की रहेगी, उक्त स्थिति में कार्मिक की माह फरवरी 2024 की सैलरी का आहरण नहीं किया जा सकेगा।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करावें।

प्रभारी अधिकारी, लेखा
एवं आहरण वितरण अधिकारी
कलेक्ट्रेट, जयपुर

Room No. 139, Collectorate Campus, Bankipark Circle Jaipur

Eamil- sao.jaipur@gmail.com Cont. 0141-220283

Scanned with CamScanner

कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर

क्रमांक लेखा 2024/ 1105 दिनांक:- 07/02/2024

समस्त
कर्मचारी अधिकारी
कलेक्ट्रेट जयपुर।

विषय - आई.एफ.एम.एस 3.0 एव Paymanager Id पर डाटा अपडेट करने के संबध मे।

प्रसंग - वित्त (कोष एव लेखा) विभाग का परिपत्र क्रमांक 9565–764 दिनांक 27-01-2024

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक परिपत्र के क्रम में लेख है कि राज्य सरकार द्वारा माह फरवरी 2024 का वेतन देय मार्च 2024 नवीन पोर्टल आई.एफ.एम.एस. 3.0 से किया जायेगा। जिन कर्मचारियों/अधिकारियों का वेतन लेखा शाखा, कलेक्ट्रेट, जयपुर द्वारा आहरित किया जाता है उनके संबंध में निम्न दिशा निर्देश प्रदत्त किये जाते हैः–

1. समस्त कार्मिक स्वयं की Paymanager Id से स्वयं का नवीनतम फोटोग्राफ, हस्ताक्षर एव अगूंठे का निशान दिनांक 20–02–2024 तक अपडेट किया जाना सुनिश्चित करेगें जिससे नवीन पोर्टल आई.एफ.एम.एस. 3.0 पर कार्मिक का डाटा वेरिफेशन किया जा सके।
2. समस्त कार्मिक स्वयं लेखा शाखा में उपस्थित होकर नवीन पोर्टल आई.एफ.एम.एस. 3.0 पर अपना डाटा दिनांक 20–02–2024 तक अपडेट करवाया जाना सुनिश्चित करेगें।

प्रभारी अधिकारी, लेखा
एवं आहरण वितरण अधिकारी
कलेक्ट्रेट, जयपुर

Room No. 139 Collectorate Campus, Bankipark Circle Jaipur Eamil- sao.jaipur@gmail.com Cont. 0141-220283

CLJPR
Pay

Scanned with CamScanner